# 18वीं भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023

## प्रलिम्सि के लिये:

[भारत वन स्थिति रिपोर्ट](), [भारतीय वनविज्ञानी](), [कार्बन स्टॉक](), [पश्चिमी घाट ज्वालामुखी-संवेदनशील क्षेत्र](), [मैंग्रोव](), [राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान](), [कार्बन डाईऑक्साइड](), [क्षरित भूमि](), [बॉन चैलेंज](), [वैश्विक वन स्रोत आकलन](), [FAO](), [वन वर्गीकरण](), [राष्ट्रीय कृषि आयोग](), [UNDP](), [व्यक्तिगत स्वास्थ्य](), [जैवविविधता](), [पेरिस समझौता]।

## मेन्स के लिये:

भारत में वन एवं वृक्ष आवरण की स्थिति।

**स्रोत: पी.आई.बी**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** ने भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 शृंखला की 18वीं रिपोर्ट **(ISFR 2023)** जारी की।

- **ISFR को भारतीय वन विज्ञानी (F-असोसिएटर)** द्वारा वर्ष 1987 में द्विवार्षिक आधार पर प्रकाशित किया गया था।

## ISFR 2023 के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?


- **वन एवं वृक्ष क्षेत्रफल:** देश का कुल वन वृक्ष क्षेत्रफल **8,27,356.95 वर्ग किमी है,** जो देश का भौगोलिक क्षेत्र (GA) का **25.17% है।**
- कुल **वन** क्षेत्रफल **7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर ( 21.76%) है**, जबकि **वृक्ष** क्षेत्रफल **1,12,014.34 वर्ग किलोमीटर (3.41%) है।**

| वर्ग | क्षेत्रफल (किमी.$^2$) | भौगोलिक क्षेत्र (GA) का प्रतिशत |
|---|---|---|
| वन आवर्द्धन | 7,15,342.61 | 21.76% |
| वृक्षारोपण | 1,12,014.34 | 3.41% |
| **कुल वन एवं वृक्ष क्षेत्रफल** | **8,27,356.95** | **25.17%** |
| स्क्रब | 43,622.64 | 1.33% |
| गैर वन क्षेत्र | 24,16,489.29 | 73.50% |
| **देश का भौगोलिक क्षेत्र** | **32,87,468.88** | **100.00%** |


- **वन एवं वृक्षावरण में वृद्धि:** देश के वन एवं वृक्षावरण में **1,445.81 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है,** जिसमें वर्ष 2021 की तुलना में वनावरण में **156.41 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है।**
  - **अधिकतम वृद्धि (वन एवं वृक्षावरण): छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किमी.)** उसके बाद उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किमी.), ओडिशा (559 वर्ग किमी.) तथा राजस्थान (394 वर्ग किमी.)।
  - **अधिकतम वृद्धि (वनावरण): मिज़ोरम (242 वर्ग किमी.)** उसके बाद गुजरात (180 वर्ग किमी.) और ओडिशा (152 वर्ग किमी.)।
  - **सबसे ज़्यादा कमी: मध्यप्रदेश (612.41 वर्ग किमी.)** उसके बाद कर्नाटक (459.36 वर्ग किमी.), लद्दाख (159.26 वर्ग किमी.) और नगालैंड (125.22 वर्ग किमी.)।
- क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन क्षेत्र वाले शीर्ष तीन राज्य मध्यप्रदेश (77,073 वर्ग किमी.) हैं, **जिसके बाद** अरुणाचल **प्रदेश** (65,882 वर्ग किमी.) और **छत्तीसगढ़** (55,812 वर्ग किमी.) हैं।
  - कुल भौगोलिक क्षेत्र के संबंध में वनावरण के **प्रतिशत** की दृष्टि से, **लक्षद्वीप** (91.33%) में सबसे अधिक वनावरण है, जिसके बाद **मिज़ोरम** (85.34%) और **अंडमान एवं निकोबार द्वीप** (81.62%) का स्थान है।
- **उच्च वनावरण: 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों** में **33% से अधिक** भौगोलिक क्षेत्र वनावरण के अंतर्गत है।
  - इनमें से **आठ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों** अर्थात् **मिज़ोरम, लक्षद्वीप**, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में वन क्षेत्र **75% से अधिक है।**

- **कार्बन स्टॉक:** देश का वन [कार्बन स्टॉक](#) **7,285.5 मिलियन टन** अनुमानित है, जो वर्ष 2021 की तुलना में **81.5 मिलियन टन अधिक** है।
    - **शीर्ष 3: अरुणाचल प्रदेश** (1,021 मीट्रिक टन) उसके बाद मध्य प्रदेश (608 मीट्रिक टन), छत्तीसगढ़ (505 मीट्रिक टन) और महाराष्ट्र (465 मीट्रिक टन)।
    - भारत का कार्बन स्टॉक **30.43 बिलियन टन $CO_2$ समतुल्य** तक पहुँच गया है, जो **वर्ष 2005 के आधार वर्ष से 2.29 बिलियन टन अधिक** है तथा **वर्ष 2030 के 2.5-3.0 बिलियन टन के लक्ष्य के करीब** है।
- **क्षेत्रीय प्रदर्शन:** [पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र (WGESA)](#) **60,285.61 वर्ग किमी** में फैला हुआ है, जिसमें से 44,043.99 वर्ग किमी. (73%) क्षेत्र वन क्षेत्र के अंतर्गत है।
    - **पूर्वोत्तर क्षेत्र** में कुल वन एवं वृक्षावरण **1,74,394.70 वर्ग किमी.** है, जो इन राज्यों के भौगोलिक क्षेत्र का **67%** है।
- **मैंग्रोव आवरण:** भारत का [मैंग्रोव](#) आवरण **4,991.68 वर्ग किमी.** है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का **0.15%** है, जिसमें 2021 से **7.43 वर्ग किमी. की कमी** आई है।
    - **गुजरात** में मैंग्रोव आवरण में **36.39 वर्ग किमी.** की **कमी** देखी गई, जबकि **आंध्र प्रदेश** और **महाराष्ट्र में क्रमशः 13.01 वर्ग किमी. और 12.39 वर्ग किमी.** की वृद्धि देखी गई।

[//](#)




- **वनाग्नि:** वर्ष 2023-24 सीज़न में सबसे अधिक आग की घटनाओं वाले शीर्ष तीन राज्य **उत्तराखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़** हैं।




## नोट

- **पेरसि समझौता:** पेरसि जलवायु परविर्तन समझौते में की गई **राष्ट्रीय सत्र पर नरि्धारति योगदान (NDC)** प्रतबिद्धताओं में, **भारत** ने **वर्ष 2030 तक** अतरिक्ति वनावरण और वृक्षावरण के माध्यम से **2.5 से 3 बलियिन टन CO 2 समतुल्य अतरिक्ति कार्बन सिंक** बनाने का संकल्प लयिा है।
- **बॉन चैलेंज: भारत ने बॉन चैलेंज** के भाग के रूप में **वर्ष 2030 तक 26 मलियिन हेक्टेयर बंजर भूमि** को पुनर्स्थापन के अंतर्गत लाने का भी संकल्प लयिा है।
- **आजीवकिा:** भारत के वन **वैश्वकि मानव आबादी** के लगभग **17%** और **वशि्व के कुल पशुधन के 18% की आजीवकिा का समर्थन** करते हैं।
- **वैश्वकि स्थति: FAO** द्वारा प्रकाशति **वैश्वकि वन संसाधन आकलन (GFRA, 2020)** के अनुसार, भारत **वन क्षेत्र** के मामले में **वशि्व के शीर्ष 10 देशों** में शामलि है और **वर्ष 2010-2020 के बीच वन क्षेत्र में उच्चतम वार्षकि शुद्ध वृद्धि के लयि तीसरे स्थान** पर है।

## भारतीय वन सर्वेक्षण

- **स्थापना:** इसकी स्थापना **1 जून, 1981** को हुई, जो **वर्ष 1965** में शुरू कयि गए **वन संसाधनों के पूर्व नविेश सर्वेक्षण (PISFR)** का स्थान लेता है।

- वर्ष 1976 में [राष्ट्रीय कृषि आयोग] **(NCA)** ने **राष्ट्रीय वन सर्वेक्षण संगठन** की स्थापना की सफिारिश की, जसिके परणािमस्वरूप **FSI** का नरि्माण हुआ ।
- **PISFR** की शुरुआत **वर्ष 1965** में भारत सरकार द्वारा **FAO और UNDP** के प्रायोजन से की गई थी।

- **मूल संगठन: पर्यावरण और वन मंत्रालय**, भारत सरकार।
- **प्राथमकि उद्देश्य:** भारत के **वन संसाधनों का नयिमति रूप से आकलन और नगिरानी करना।**
  - इसके अलावा, यह **प्रशकि्षण, अनुसंधान और वसि्तार** की सेवाएँ भी प्रदान करता है।
- **कार्यप्रणाली: FSI का मुख्यालय देहरादून** में है तथा **शमिला, कोलकाता, नागपुर और बंगलूरू** में चार क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ इसकी उपस्थिति संपूर्ण भारत में है।
  - पूर्वी क्षेत्र का एक उपकेंद्र **बर्नीहाट (मेघालय)** में है।

## वर्ष 2013 से 2023 के बीच वानकिी मापदंडों की क्या स्थति रिही?

- **वन क्षेत्र में वृद्धि:** देश के वन क्षेत्र में **16,630.25 वर्ग कमिी. की** वृद्धि **हुई है।**
  - वृक्षावरण **में 20,747.34 वर्ग कमिी. की** वृद्धि हुई।
  - देश के [मैंग्रोव] **आच्छादन में 296.33 वर्ग कमिी. की वृद्धि हुई।**
- **मृदा स्वास्थ्य:** [मृदा स्वास्थ्य] में सामान्य सुधार हुआ है (**वर्ष 2013 में 83.53%** की तुलना में उथली से गहन मृदा में **87.16%**), जो ह्यूमस में सुधार से परलिक्षति होता है।
  - [मृदा कार्बनकि कार्बन] 55.85 टन प्रतिहेक्टेयर से बढ़कर **56.08 टन प्रतिहेक्टेयर हो गया है।**
    - मृदा कार्बनकि कार्बन का तात्पर्य **मृदा कार्बनकि पदार्थ में नहिति कार्बन** है जो **मृदा एकत्रीकरण में योगदान देता है, जसिसे मृदा संरचना एवं स्थरिता बढ़ती है।**
- **जैवकि प्रभाव: वनों पर जीवीय प्रभाव भी वर्ष 2013 के 31.28% से** घटकर 26.66% रह गया है, जो **प्राणीजात** [जैवविविधिता] और **वनस्पतजिात जैवववििधिता के लयि बेहतर परविेश सदि्ध होगा।**
  - जीवीय प्रभाव का आशय सजीवों पर पड़ने वाले प्रभाव से है। वनों में, जीवीय प्रभावों में **चारण, ब्राउज़गि, मानव जनति अग्नि, पोलार्डगि, अवैध कर्तन और पातन शामलि हो सकते हैं।**

## नष्किर्ष

**18वीं भारत वन स्थति रिपिोर्ट 2023 में वन और वृक्षावरण, कार्बन स्टॉक तथा मृदा स्वास्थ्य में सकारात्मक रुझानों** पर प्रकाश डाला गया है और साथ ही वनाग्नि एवं मैंग्रोव की क्षति **जैसी चुनौतियों का समाधान कयिा गया है।** [पेरसि समझौते] और **बॉन चैलेंज** जैसे वैश्वकि जलवायु लक्ष्यों के प्रति भारत की प्रतबिद्धता इसके वर्तमान के संरक्षण प्रयासों के अनुरूप है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

प्रश्न. 18वीं भारत वन स्थति रिपिोर्ट 2023 (ISFR 2023) के प्रमुख नष्किर्षों का वशि्लेषण कीजयि और भारत की पर्यावरणीय संधारणीयता तथा जलवायु परवर्तिन लक्ष्यों पर इसके प्रभावों का आकलन कीजयि।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. नम्नलखिति राज्यों पर वचिार कीजयि: (2019)**

1. छत्तीसगढ़
2. मध्य प्रदेश
3. महाराष्ट्र
4. ओडशिा

**उपर्युक्त राज्यों के संदर्भ में राज्य के कुल क्षेत्रफल की तुलना में वन आच्छादन की प्रतशितता के आधार पर नम्नलखिति में से कौन-सा सही आरोही अनुक्रम है?**

(a) 2, 3, 1, 4
(b) 2, 3, 4, 1
(c) 3, 2, 4, 1

(d) 3, 2, 1, 4

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. भारत का एक वशिष राज्य नम्निलखिति वशिषताओं से युक्त है: (2012)**

1. यह उसी अक्षांश पर स्थति है जो उत्तरी राजस्थान से होकर जाता है।
2. इसका 80% से अधकि क्षेत्र वनाच्छादति है।
3. 12% से अधकि वन क्षेत्र इस राज्य के संरक्षति क्षेत्र नेटवर्क के रूप में है।

**नम्निलखिति राज्यों में से कौन-सा एक उपर्युक्त दी गई वशिषताओं से युक्त है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) असम
(c) हमािचल प्रदेश
(d) उत्तराखंड

**उत्तर: (a)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न. भारत के वन संसाधनों की स्थति एिवं जलवायु परविर्तन पर उसके परणािमी प्रभावों की जाँच कीजयि। (2020)**

**प्रश्न. मैंग्रोवों के रक्तिीकरण के कारणों पर चर्चा कीजयि और तटीय पारस्थितिकिी का अनुरक्षण करने में इनके महत्त्व को स्पष्ट कीजयि। (2019)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/18th-india-state-of-forest-report-2023